web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

SJU Govt. Registered Social Justice Union

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 01 जुलाई 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 273

# उद्धव ठाकरे का इस्तीफा : एकनाथ शिंदे बने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री

**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने बुधवार रात फेसबुक लाइव के दौरान इस्तीफे का ऐलान करते हुए कहा कि उन्हें इस्तीफा देने का कोई दुखनहीं है। उन्होंने फेसबुक लाइव में बागियों से सवाल किया कि किस बात की नाराजगी है, जिन्हें सब कुछ दिया वो साथ छोड़ गए, जिन्हें कुछ नहीं दिया वो साथ हैं। फेसबुक लाइव में उद्धव ठाकरे ने शरद पवार और सोनिया गांधी को धन्यवाद कहा।

इससे पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि कल ही फ्लोर टेस्ट होने वाला है। अदालत ने आदेश सुनाते हुए कहा कि हम कल के फ्लोर टेस्ट को नहीं नहीं रोक रहे हैं। दरअसल सीएम ने कहा था कि कोर्ट के फैसले के बाद ही वे आगे की रणनीति बनाने वाले हैं। इस पूरे मामले में शिवसेना की तरफ से अभिषेक मनु सिंघवी पक्ष रखा था तो वहीं शिंदे गुट की तरफ से कोर्ट में नीरज किशन कौल ने अपनी दलील रखी। सुनवाई के दौरान अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि उन्हें आज ही फ्लोर टेस्ट को लेकर जानकारी मिली है। जब तक विधायकों का सत्यापन नहीं हो जाता, फ्लोर टेस्ट नहीं किया जा सकता है।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने शिवसेना के मुख्य सचेतक सुनील प्रभु द्वारा दायर याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा था, जिसमें महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी द्वारा सीएम उद्धव ठाकरे को 30 जून को सदन के पटल पर बहुमत का समर्थन साबित करने के निर्देश को चुनौती दी गई थी। महाराष्ट्र के राज्यपाल की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बहस शुरू की। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा- सबसे पहले, यह तर्क कि इस अदालत ने स्पीकर को रोका है, गलत है। यह आदेश नहीं है, बल्कि कानून है जिसने उन्हें प्रतिबंधित किया है।

## एकनाथ शिंदे ने ली मुख्यमंत्री पद की शपथ, देवेंद्र फडणवीस बने डिप्टी सीएम



एकनाथ शिंदे ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। शिंदे ने मराठी में शपथ ली। बता दें कि देंवेंद्र फडणवीस ने ही ऐलान किया था कि एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्होंने यह भी कहा था कि वह खुद सरकार में नहीं होंगे और बाहर से सरकार की मदद करेंगे। हालांकि बाद में जेपी नड्डा ने खुद मीडिया के सामने आकर कहा कि पार्टी चाहती है कि वह उपमुख्यमंत्री बनें।

शपथ ग्रहण के मौके पर एकनाथ शिंदे का परिवार भी राजभवन पहुंचा। बता दें कि एकनाथ शिंदे उद्धव सरकार में कैबिनेट मंत्री थे। शपथ ग्रहण में शिवसेना के विधायक शामिल नहीं हो सके। दरअसल बागी विधायकों इस समय गोवा के होटल में ही हैं। हालांकि शपथ के दौरान उन्होंने गोवा के होटल में ही जश्न मानाया। भाजपा के नेता शपथ ग्रहण में पहुंचे।

**देवेंद्र फडणवीस के त्याग की नड्डा ने की तारीफ-** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने देवेंद्र फडणवीस की तारीफ करते हुए कहा कि एकनाथ शिंदे जी और देवेंद्र फडणवीस जी को बधाई। आज ये सिद्ध हो गया कि बीजेपी के मन में कभी मुख्यमंत्री पद की लालसा नहीं थी। 2019 के चुनाव में स्पष्ट जनादेश मा. नरेंद्र मोदी जी एवं देवेंद्र जी को मिला था। उद्धव ठाकरे ने सीएम पद के लालच में हमारा साथ छोडक़र विपक्ष के साथ सरकार बनाई थी। उन्होंने कहा कि पार्टी चाहती है कि देवेंद्र फडणवीस सरकार में रहें और उपमुख्यमंत्री का पदभार संभालें।

## पीएम मोदी ने दी बधाई, शरद पवार बोले- किसी ने नहीं सोचा था ऐसा होगा

महाराष्ट्र में पिछले 2 हफ्ते से चल रहा सियासी ड्रामा आखिर थम गया है। शिवसेना के बागी गुट के विधायक एकनाथ शिंदे राज्य के नए सीएम बन गए हैं, जबकि देवेंद्र फडणवीस डिप्टी सीएम बने हैं। एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बनने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई दी है। पीएम ने कहा है, मैं एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बनने की बधाई देता हूं। एक जमीनी स्तर के नेता, वह अपने साथ समृद्ध राजनीतिक, विधायी और प्रशासनिक अनुभव लेकर आते हैं। मुझे विश्वास है कि वह महाराष्ट्र को और ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में काम करेंगे। पीएम मोदी ने देवेंद्र फडणवीस को भी डिप्टी सीएम बनाए जाने की बधाई दी है। पीएम मोदी ने कहा है, देवेंद्र फडणवीस को महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम के रूप में शपथ लेने पर बधाई। वह हर भाजपा कार्यकर्ता के लिए एक प्रेरणास्त्रोत हैं। उनका अनुभव और विशेषज्ञता सरकार के लिए एक संपत्ति होगी। मुझे विश्वास है कि वह महाराष्ट्र के विकास पथ को और मजबूत करेंगे। शरद पवार एकनाथ शिंदे के मुख्यमंत्री बन जाने से एनसीपी प्रमुख शरद पवार भी काफी हैरान हुए हैं। शरद पवार ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए कहा है कि किसी ने इसकी कल्पना भी नहीं की थी कि शिंदे को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। शरद पवार ने कहा कि बागी गुट की मांग पर ही शिंदे को सीएम बनाया गया है।

# मणिपुर भूस्खलन: मलबे से निकाले गए 7 शव, 23 लोग लापता, पीएम मोदी ने जाना हाल

**इंफाल (आरएनएस)।** नोनी जिले में रेलवे कंस्ट्रक्शन कैंप के पास हुए भूस्खलन में अब तक 7 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। इस हादसे में 13 लोग घायल हो गए हैं वहीं 23 अब भी लापता हैं। राहत और बचाव का कार्य जारी है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी घटना और स्थिति की जानकारी लेने के लिए मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह से फोन पर बात की। वहीं मुख्यमंत्री ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति की जानकारी ली। बुधवार आधी रात तुपुल यार्ड रेलवे कंस्ट्रक्शन कैंप के पास भूस्खलन हो गया था। इसमें टेरिटोरियाल आर्मी के भी दो जवानों की मौत हो गई है। इसके अलावा रेलवे स्टाफ के करीब 10 लोग लापता हैं। धायलों की मदद के लिए डॉक्टरों की टीम मौके पर पहुंची है। बताया जा रहा है कि भूस्खलन की वजह से इजाई नदी का प्रवाह भी प्रभावित हो गया है। नदी तामेंगलोंग और नोनी जिले में बहती है।



अधिकारियों का कहना है कि नदी के पानी और मौसम खराब होने की वजह से राहत बचाव का कार्य में मुश्किल आ रही है। सेना के हेलिकॉप्टर की भी मदद ली जा रही है। निचले इलाके में रहने वाले लोगों के लिए भी अलर्ट जारी किया गया है। अडवाइजरी में कहा गया है कि नदी का बहाव रुकने की वजह से जलभराव हो गया है। निचले इलाकों में यह जल तबाही मचा सकता है।

# उदयपुर में हजारों लोगों ने निकाला मौन मार्च, कन्हैया लाल के हत्यारों को फांसी देने की मांग की

**जयपुर (आरएनएस)।** उदयपुर के हजारों निवासियों ने दो हमलावरों द्वारा कन्हैया लाल की उनकी दुकान के अंदर दिनदहाड़े सिर काटने से आक्रोशित होकर गुरुवार को कर्फ्यू के बीच मौन मार्च निकाला और मौत की सजा की मांग की। तख्तियों और भगवा झंडों के साथ उदयपुर और उसके आसपास के क्षेत्रों के हजारों लोगों ने मौन मार्च में भाग लिया। रैली नगर निगम परिसर से निकलकर सूरजपोल, बापू बाजार, बैंक तिराहा और देहली गेट होते हुए जिला कलेक्ट्रेट पहुंची और कन्हैया लाल के हत्यारों को फांसी की सजा की मांग की।

यह मार्च लगभग 2.5 किमी लंबा था, जिसमें लोग कंधे से कंधा मिलाकर चलते हुए दिखे। विरोध का नेतृत्व मेवाड़ के संत समाज ने किया।

अशोक गहलोत सरकार को बर्खास्त करने, राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने, एनआईए से मामले की जांच कराने, हत्यारों को मौत की सजा देने, राजस्थान में रह रहे राष्ट्रविरोधी तत्वों की पहचान करने वाले सिमी और पीएफआई जैसे संगठनों पर प्रतिबंध लगाना और मृतक के परिजनों को सहयोग देना की मांग को लेकर संत समाज ने जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शनकारियों ने कन्हैया लाल के दोनों बेटों के लिए 5 करोड़ रुपये मुआवजा और सरकारी नौकरी, मृतक को बचाने के दौरान घायल हुए साथी का इलाज, पीड़िता के पूरे परिवार को पूरी सुरक्षा देने की भी मांग की।


जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ने कहा कि आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और लापरवाही करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की गयी है। आरोपियों के संपर्कों की भी जांच की जा रही है।

**मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की मांग, उदयपुर हत्याकांड के दोषियों को मिले मौत की सजा-** उदयपुर में एक टेलर की हुई जघन्य हत्या पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने भी नाराजगी जताई है। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की मांग है कि इस वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों को मौत की सजा दी जानी चाहिए क्योंकि यह आरोपी किसी आतंकवादी और शैतान से कम नहीं हैं। मंच ने यह भी कहा कि सरकार को इस मामले में एक फास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापित करना चाहिए और इस बर्बर अपराध के लिए फांसी दी जानी चाहिए। दरअसल, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के देशभर के सभी पदाधिकारियों, राष्ट्रीय संयोजकों, सह संयोजकों, सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों एवं प्रभारियों की एक ऑनलाइन बैठक में सभी ने इस हत्या की निंदा करते हुए सरकार से दोषियों को सख्त से सख्त सजा देने की मांग की है।

# पाकिस्तानी ड्रोन ने पंजाब में फेंके हेरोइन के पांच पैकेट

**फिरोजपुर (आरएनएस)।** भारतीय सीमा में मंगलवार रात को हेरोइन के पैकेट फेंक कर लौट रहे पाक ड्रोन पर बीएसएफ जवानों ने इंसास राइफल से 12 गोलियां और दो इल्लू बम भी दागे लेकिन ड्रोन सुरक्षित पाकिस्तान लौट गया। 24 घंटे चले पुलिस और बीएसएफ के संयुक्त सर्च अभियान के दौरान किसान बलवंत सिंह के खेत से हेरोइन के पांच पैकेट मिले हैं, जो ड्रोन फेंककर गया था।

हेरोइन का वजन साढ़े तीन किलोग्राम आंका गया है। उधर, इस संबंध में बीएसएफ अधिकारियों ने पाकिस्तान रेंजर्स से फ्लैग मीटिंग कर पूरी वारदात से अवगत करवाया है। एसएसपी चरणजीत सिंह ने बताया कि बीएसएफ ने उन्हें सूचना दी कि 28 और 29 जून की रात को बीएसएफ चौकी मबोके के नजदीक बार्डर पिल्लर नंबर-198/4 व 198/5 के बीच के एरिया में पाकिस्तानी ड्रोन भारतीय सीमा में हेरोइन या हथियार फेंककर गया है।



बीएसएफ ने ड्रोन को गिराने के लिए 12 गोलियां और दो इल्लू बम दागे लेकिन अधिक ऊंचाई में होने के कारण वह सुरक्षित पाक में चला गया। एसएसपी ने बताया कि बीएसएफ और पुलिस ने संयुक्त सर्च अभियान चलाया। पूरे इलाके में छानबीन की गई। किसान बलवंत सिंह निवासी गांव कालू अराइयां हिठाड़ ने ममदोट थाना प्रभारी गुरप्रीत सिंह को सूचना दी कि उनके खेत में लगे ट्यूबवेल से 15 फुट दूर एक फटा लिफाफा पड़ा है।

पुलिस ने वहां पहुंचकर देखा कि हेरोइन के पांच पैकेट पड़े थे, इनमें साढ़े तीन किलो हेरोइन थी। हेरोइन के पैकेट एक काले रंग के लिफाफे में थे, लिफाफे पर एक काले रंग की डोर बंधी थी। दो पैकेटों में एक-एक किलो हेरोइन थी और तीन पैकेटों में पांच-पांच सौ ग्राम हेरोइन थी। थाना ममदोट पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज किया है।

500 मीटर की ऊंचाई पर था ड्रोन: कमांडेंट

बीएसएफ के कमांडेंट उदय प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि 28 और 29 जून की रात 23:45 बजे उनके जवानों को आसमान में मंडराते ड्रोन की आवाज सुनाई दी। यह ड्रोन भारतीय सीमा में कोई संदिग्ध वस्तु फेंककर पाक लौट रहा था। उनके जवानों ने इंसास राइफल से 12 गोलियां और दो इल्लू बम दागे।

अधिक ऊंचाई पर होने के कारण वे ड्रोन को नीचे नहीं गिरा सके और वह सुरक्षित पाक चला गया। चौहान ने बताया कि जवानों को ड्रोन की पहचान के लिए स्पेशल ट्रेनिंग दी गई है ताकि वह आसमान में मंडराते ड्रोन की आवाज सुन सकें। ड्रोन में पहले से ही उस जगह को फीड कर दिया जाता है, जहां पर सामग्री फेंकनी होती है।

ड्रोन सामग्री फेंककर लौट रहा था। इस संबंध में पुलिस को सूचना दी गई। पता चला है कि किसान बलवंत सिंह ने किसान तेजा सिंह निवासी कालू अराइयां हिठाड़ से जमीन अदला-बदली की थी। बलवंत के खेत से हेरोइन के पैकेट मिले हैं। पुलिस दोनों से गहन पूछताछ करने में जुटी है। चौहान ने कहा कि बीएसएफ की हरकत के कारण जो तस्कर हेरोइन की डिलीवरी लेने पहुंचे थे वह वहां से भाग निकले हैं।

# चार साल की मासूम से रेप और हत्या में दरिंदे को फांसी की सजा, एक साल में मिला इंसाफ

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** चार साल की मासूम बच्ची से रेप और हत्या के मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद दरिंदे को त्रिपुरा की एक अदालत ने फांसी की सजा सुनाई है। मामला खोवाई जिले का है। जिले में मौत की सजा सुनाए जाने का यह पहला मामला है। इस मामले में अभियोजन पक्ष (पीड़ित) की ओर से कुल 35 गवाह पेश किए गए।

त्रिपुरा की एक अदालत ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए चार साल की मासूम बच्ची से रेप और हत्या के दोषी कालीचरण को फांसी की सजा सुनाई। जिला अदालत और विशेष यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम के न्यायाधीश शंकरी दास ने मामले में जांच अधिकारी बिद्येश्वर सिन्हा द्वारा अपनी रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद दोषी को मृत्युदंड का आदेश दिया। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 35 गवाहों के बयान दर्ज किए गए।

**क्या था मामला-** जानकारी के मुताबिक, पिछले साल 22 फरवरी को खोवाई जिले के तेलियामुरा के दुस्की इलाके से मासूम लापता हो गई थी। छह दिनों के बाद जंगल में मासूम का शव बरामद हुआ। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसके शरीर में चोटों के निशान पाए गए थे। अभियोजन पक्ष की ओर से अधिवक्ता बिकाश देब ने कहा कि यह दुर्लभतम मामलों में से एक है। हमें मृतक के परिवार को न्याय देते हुए खुशी हो रही है।

# हिमाचल में भारी बारिश ने बरपाया कहर, चंबा में छह वाहन मलबे में दबे, बद्दी में तीन पुल बहे

**शिमला/चंबा (आरएनएस)।** हिमाचल प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश ने कहर बरपाया है। सामान्य से पांच दिन देरी से मानसून की जोरदार बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर हैं। जगह-जगह भूस्खलन व मलबा आने से व्यापक नुकसान हुआ है। इससे लोगों की दुश्वारियां बढ़ गई हैं। भूस्खलन की चपेट में आने से कई जगह गाडिय़ां भी क्षतिग्रस्त हो गई हैं। चंबा जिले में बुधवार रात को हुई भारी बारिश से आए मलबे में छह वाहन दब गए। कई जगह भूस्खलन से भरमौर-पठानकोट एनएच चार घंटे तक बंद रहा। इसके अलावा 42 छोटी-बड़ी सडक़ों पर यातायात ठप हो गया है।

प्रशासन ने सैलानियों व आम लोगों को नदी-नालों में न उतरने की चेतावनी दी है। वहीं, जिला कुल्लू में भी बुधवार देर रात से जिलाभर में बारिश होने से कई इलाकों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। भारी बारिश से मोगीनंद में पांवटा-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे तालाब बन गया। खराब मौसम के चलते गुरुवार को भी गगल एयरपोर्ट में विमान सेवाएं अस्त-व्यस्त रहीं।



चंबा के बाथरी-सलूणी-सुंड़ला मार्ग कैला के पास 60 मीटर सडक़ का हिस्सा ध्वस्त हो गया। इसमें बीच में एक कार अटक गई। सवारियों ने भागकर जान बचाई। भरमौर-पठानकोट हाईवे सुबह 8:00 बजे वाहनों के लिए बहाल करवाया गया। प्रदेश में 48 पेयजल योजनाएं प्रभावित हुई हैं, जबकि पांच बिजली के ट्रांसफार्मर ठप हुए हैं। भटियात विधानसभा क्षेत्र में कच्चा मकान और गोशाला ढह गई है। भद्रम और घोल्टी में नाले में बहकर आया मलबा घरों और दुकानों में घुस गया।

उधर, कालका-शिमला नेशनल हाईवे पर धर्मपुर के पास पहाड़ी से टूटकर सडक़ पर बड़ी-बड़ी चट्टानें आ गिरीं। सडक़ किनारे खड़ी एक कार पर भी चट्टान गिरी, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। बद्दी में बारिश के बाद सरसा खड्ड में उफान आने से तीन अस्थायी पुल बह गए। इससे तीन गांवों का संपर्क मुख्य बाजार से कट गया।

बरसात का मौसम आते ही कालका-शिमला एनएच पर पत्थर गिरने का सिलसिला शुरू हो गया है। प्रशासन ने वाहन चालकों को एहतियात बरतने के लिए कहा है। साथ ही पर्यटकों व स्थानीय लोगों को अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है। वहीं, जिला कुल्लू में भी बुधवार देर रात से जिलाभर में बारिश होने से कई इलाकों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सैंज में कोटलू नाला में एक पेड़ गिरने से पेयजल योजना क्षतिग्रस्त हो गई। मंडी के बल्ह क्षेत्र में बारिश से टमाटर की फसल को नुकसान हुआ है। कांगड़ा में गुरुवार को हुई बारिश से नगरोटा बगवां में छह सडक़ मार्ग बंद होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सिरमौर जिले के ऊपरी क्षेत्रों पांवटा, राजगढ़, रेणुकाजी, हरिपुरधार, नौहराधार सहित शिलाई आदि में हल्की बारिश हुई। नाहन, कालाअंब में जमकर बारिश हुई है। नाहन मुख्यालय से लेकर मुख्य बस अड्डे तक जलभराव से लोगों को समस्याओं का समाना करना पड़ा। पांवटा-मोगीनंद में सुबह जोरदार बारिश के चलते नेशनल हाईवे पर जलभराव हुआ। करीब दो घंटे तक वाहनों को आवाजाही में दिक्कतें रहीं।

खराब मौसम के चलते गुरुवार को भी गगल एयरपोर्ट में विमान सेवाएं अस्त-व्यस्त रहीं। गुरुवार को दिल्ली से आने वाली स्पाइसजेट की पांच उड़ानों में से दो ही उतर पाईं। वहीं, एयर इंडिया की दो उड़ानों में से केवल एक ही गगल एयरपोर्ट पर पहुंची। गगल एयरपोर्ट के यातायात प्रभारी गौरव ने बताया कि वीरवार को शिमला से हेलिकाप्टर सेवा भी नहीं आई। प्रदेश में मौसम विज्ञान विभाग ने शुक्रवार का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के कई क्षेत्रों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। कई क्षेत्रों में बिजली चमकने और गर्जना का भी पूर्वानुमान है। वहीं, दो से चार जुलाई तक का येलो अलर्ट जारी हुआ है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### महाकालेश्वर मंदिर में श्रावण महोत्सव मनाया जाएगा 17 जुलाई से

**उज्जैन (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के उज्जैन में स्थित महाकालेश्वर मंदिर में 17 जुलाई से श्रावण महोत्सव प्रारंभ होगा। मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक गणेश कुमार धाकड़ ने बताया कि इस महोत्सव में अंतराष्ट्रीय एवं स्थानीय कलाकार शिरकत करेंगे। ऐसा महोत्सव कोरोना महामारी के कारण दो वर्ष से आयोजित नहीं किया जा सका। इस वर्ष यह आयोजन 17 जुलाई से प्रारंभ होकर 21 अगस्त तक मनाया जावेगा। उन्होंने बताया कि श्रावण महोत्सव में 18 प्रस्तुतियां होंगी। जिसमें प्रत्येक रविवार को राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों के साथ-साथ स्थानीय कलाकरों को भी मंच दिया गया है। पहले रविवार 17 जुलाई को भोपाल के ध्रुपद गायन .जुगलबंदी. सुश्री धानी गुंदेचा व सुश्री जान्हवी पंसालकर, के अलावा उज्जैन के केशव केवलिया, विनायक शर्मा व हर्षिल मेहता की तबला त्रिवेणी की प्रस्तुति तथा नृत्य में श्री शन्तनु चक्रवर्ती व सुश्री परिणित मलिक नई दिल्ली द्वारा युगल भरतनाट्यम की प्रस्तुति दी जावेगी।

### अहमदाबाद में भगवान जगन्नाथ के मंदिर में हुई नेत्रोत्सव विधि

**अहमदाबाद (आरएनएस)।** गुजरात के अहमदाबाद में सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील पुराने शहर स्थित भगवान जगन्नाथ के मंदिर में बुधवार को भगवान की नेत्रोत्सव विधि आयोजित की गयी। इस दौरान मंदिर के शिखर पर ध्वज बदलने की रस्म यानी ध्वाजारोहण का भी आयोजन किया गया। नेत्रोत्सव समारोह में आज भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलराम को गर्भगृह में प्रवेश कराया गया। उसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार करके भगवान की आंखों पर पट्टी बांधी गयी, ध्वाजारोहण, विशेष पूजा और आरती की गयी। इस दौरान गुजरात भाजपा अध्यक्ष सी. आर. पाटिल और गृह राज्यमंत्री हर्ष संघवी सहित साधु-संत और श्रद्धालु दर्शनार्थी भगवान जगन्नाथ मंदिर में उपस्थित रहे।

### मोहसिन ने कांग्रेस से इस्तीफा दिया

**औरंगाबाद (आरएनएस)।** औरंगाबाद के वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहसिन अहमद ने औरंगाबाद शहर का नाम संभाजीनगर करने के विरोध में कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा देने का फैसला किया। श्री अहमद ने प्रेस बयान में कहा कि वर्तमान में महाराष्ट्र की राजनीति को देखते हुए यह नाम परिवर्तन एक समुदाय विशेष को प्रभावित करने के लिए किया गया है ताकि आगामी चुनावों में इसका लाभ शिवसेना को मिल सके। औरंगाबाद शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हिशाम उस्मानी ने भी बुधवार को औरंगाबाद का नाम संभाजीनगर करने के विरोध में पार्टी नेतृत्व को अपने पद से इस्तीफा देने की पेशकश की। श्री उस्मानी अपने बयान में कहा कि वे पार्टी के सदस्य के रूप में बने रहेंगे।

### अफेयर में रोड़ा बन रही थी बहन, युवती ने दोस्तों से करवाया गैंगरेप; फिर आंखें निकालकर कर दी हत्या

**लखीमपुर खीरी (आरएनएस)।** यहां एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। 19 वर्षीय एक युवती ने अपनी 12 वर्षीय बहन का सामूहिक दुष्कर्म कराकर दोस्तों से उसकी हत्या करा दी। बड़ी बहन एक युवक के साथ रिलेशनशिप में थी और उसकी छोटी बहन को इस अफेयर के बारे में पता चला। युवती को डर था कि वह किसी को बता न दे, जिससे उसने अपने प्रेमी और अपने पांच दोस्तों को छोटी बहन को रास्ते से हटाने के लिए कहा। दुपट्टे से गला घोंटने से पहले 12 साल की बच्ची के साथ छह लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया और उसकी आंखें निकालकर बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस को बच्ची का क्षत-विक्षत शव गन्ने के खेत में मिला। पुलिस ने कहा कि बड़ी बहन अपनी छोटी बहन को खुद उस जगह ले गई, जहां उसके छह दोस्त अपराध को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। उनमें से चार ने छोटी बहन के साथ दुष्कर्म किया, जबकि दो निगरानी कर रहे थे कि कोई भी वहां प्रवेश न कर पाए। युवती ने कथित तौर पर घटना के समय छोटी बहन का हाथ पकड़ रखा था। पुलिस अधीक्षक (एसपी) संजीव सुमन ने कहा, घटना से पता चलता है कि आरोपी के मन में उसकी छोटी बहन के लिए कितनी नफरत थी। छोटी बहन की हत्या के बाद युवती घर लौट आई और ऐसा बर्ताव किया, जैसे सब कुछ सामान्य हो। जब उसके माता-पिता ने लापता बेटी की तलाश शुरू की तो उसने अपनी मां से कहा कि वह गन्ने के खेत में गई थी। एसपी ने कहा, सभी आरोपी बालिग हैं और उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।